## संपादकीय

# गौरतलब गुटारेश की बातें

इस प्रश्न पर देश में आत्म-मंथन होना चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव को भारत में आकर यह बुनियादी बात कहने की जरूरत क्यों महसूस हुई? और ये बातें आज सरकार की आलोचना क्यों मालूम पड़ती हैं?

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटारेश ने भारत पहुंचते ही जो टिप्पणी की, उससे यह अंदाजा लगता है कि आज दुनिया की मुख्यधारा भारत को किस नजर से देख रही है। गुटारेश एक आधिकारिक पद पर हैं। इसलिए वे जो कहते हैं, उसे एक तरह से संयुक्त राष्ट्र का बयान भी समझा जाता है। इसीलिए उनकी बातों को सिरे से नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, हालांकि भारतीय मीडिया के ज्यादातर हिस्से में ऐसे ही किया गया है। गौरतलब है कि गुटरेश की यात्रा की शुरूआत मुंबई से हुई। उन्होंने मुंबई के होटल ताज पैलेस में 26/11 के आतंकवादी हमले के मृतकों को श्रद्धांजलि दी। वहां उन्होंने कहा कि कोई भी कारण आतंकवाद को सही नहीं ठहरा सकता। मुंबई की घटना को उन्होंने इतिहास की सबसे बर्बर आतंकवादी हमलों में एक बताया। इसके बाद वे आईआईटी बॉम्बे के छात्रों को संबोधित करने गए। वहां उन्होंने भारत को अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा की सीख दी।

कहा- "मानवाधिकार परिषद के एक निर्वाचित सदस्य के रूप में भारत पर वैश्विक मानवाधिकारों को आकार देने और अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों समेत सभी व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा और उसे बढ़ावा देने की जिम्मेदारी है। मानवाधिकारों के सम्मान के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता दिखाकर ही विश्व में भारत अपनी बात को स्वीकार्यता और विश्वसनीयता दिला सकता है।" इस प्रश्न पर देश में आत्म-मंथन होना चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव को भारत में आकर यह बुनियादी बात कहने की जरूरत क्यों महसूस हुई? क्या इसकी वजह दुनिया में इस आलोचना की बढ़ती विश्वसनीयता नहीं है कि भारत में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न और उनके खिलाफ हेट स्पीच में तेजी आई है? साथ ही सरकार के आलोचकों के प्रति भी नफरत बढ़ी है? गुटारेश ने पत्रकारों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, छात्रों और शिक्षाविदों के अधिकारों और उनकी आजादी की रक्षा करने और भारत की न्यायपालिका की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की जरूरत पर भी जोर दिया। वैसे गुटेरेश ने ब्रिटेन से आजादी के 75 साल बाद भारत की उपलब्धियों की प्रशंसा भी की। मगर इसमें भी यह सूक्ष्म टिप्पणी थी- "बहुलता का भारतीय मॉडल एक सरल लेकिन गहरी समझ पर आधारित है। विविधता एक ऐसी खूबी है जो आपके देश को मजबूत बनाती है।"

# चुनावी विज्ञापनों में गड़बड़ी पर मेटा को अदालत ने सुनाई सजा, ठोका 2 अरब का जुर्माना




**नई दिल्ली।** अमेरिका में चुनावी विज्ञापनों से जुड़ी गड़बडिय़ों के लिए वाशिंगटन राज्य की एक अदालत ने बुधवार को फेसबुक की मूल कंपनी मेटा पर लगभग 2.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर यानी 2 अरब रुपये से ज्यादा का जुर्माना लगाया है। इसे अमेरिकी इतिहास में राजनीतिक प्रचार अभियान से जुड़ी सबसे बड़ी वित्तीय सजा माना जा रहा है।

किंग काउंटी सुपीरियर कोर्ट के न्यायाधीश डगलस नॉर्थ ने वाशिंगटन के फेयर कैंपेन प्रैक्टिस एक्ट के तहत मेटा को राजनीतिक विज्ञापनदाताओं के नाम-पतों का खुलासा न करने पर यह जुर्माना लगाया है। इस पूरे मामले पर मेटा ने कोई जवाब नहीं दिया है। वाशिंगटन के पारदर्शिता कानून के तहत मेटा को राजनीतिक विज्ञापनदाताओं के नाम-पते बताने जरूरी हैं।

कंपनी को ऐसे किसी भी यूजर को मांगने पर विज्ञापनदाताओं के नाम और पते बताने होंगे। लेकिन मेटा ने अदालत में बार-बार इस पर आपत्ति की। फेसबुक ने राजनीतिक विज्ञापनों के आर्काइव रखे हुए हैं, जिसको वह प्रसारित भी करता है, लेकिन इस कानून के तहत सूचना को जरूरी तौर पर सार्वजनिक करने का पालन नहीं किया।

मेटा इंडिया के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अजीत मोहन ने बृहस्पतिवार को इंटरनेट और इसकी सुरक्षा के संबंध में भारत की नीति की सराहना की। मोहन ने कहा, हम सरकारी विनियमन का स्वागत करते हैं। भारत में सरकार इंटरनेट सुरक्षा के लिए कंपनियों को जवाबदेह ठहराने के बारे में मुखर रही है और हम इस एजेंडे के साथ पूरी तरह से जुड़े हुए हैं। मेटा इंडिया के प्रमुख ने कहा, जिस तरह से भारत सरकार ने देश में इंटरनेट सेवाओं और व्यावहारिक रूप से डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा दिया है। यह एक उल्लेखनीय काम है।

मेटावर्स से जन्मेगा नया साइबर अपराध, इंटरपोल ने कहा- आभासी दुनिया मौजूदा अपराध की तीव्रता को कई गुना बढ़ा देगी

अंतरराष्ट्रीय पुलिस एजेंसी इंटरपोल ने कहा, मेटावर्स साइबर अपराध की दुनिया में नई तरह के अपराध को जन्म देगा। एजेंसी ने इससे मौजूदा अपराध की तीव्रता बढने की आशंका जताते हुए संभावित खतरों से निपटने की तैयारी शुरू कर दी है। इंटरपोल के कार्यकारी निदेशक मदन ओबरॉय ने कहा, इंटरपोल के सदस्य देशों ने मेटावर्स अपराधों पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा, कुछ मौजूदा अपराध इस माध्यम के जरिये बड़े पैमाने पर घटित हो सकते हैं।

ओबेरॉय ने कहा, इसमें फिशिंग और घोटाले अलग तरह से काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बाल सुरक्षा भी चिंता का विषय हैं। ओबेरॉय ने कहा कि आभासी दुनिया असली दुनिया में अपराध करने में सहायक हो सकती है। केंद्रीय कानून प्रवर्तन एजेंसी यूरोपोल ने कहा था कि आतंकी इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। कोई आतंकी संगठन हमला करना चाहता है तो वह पहले आभासी दुनिया में हमले की योजना तैयार कर सकता है।

# वायरलेस लाइसेंसिंग व्यवस्था में सुधार से डिजिटल इंडिया में आएगी तेजी : सीओएआई

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र की मोबाइल दूरसंचार सेवाएं देने वाली कंपनियों के संगठन सेल्यूलर आपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने वायरलेस लाइसेंसिंग की प्रक्रिया तथा राष्ट्रीय रेडिया-तरंग आवंटन योजना (एनएफएपी) 2022 में सुधार की घोषणाओं के लिए दूरसंचार विभाग की सराहना की है और कहा कि इससे नेटवर्क विस्तार में तेजी आएगी,अनुपालन का बोझ कम होगा और कारोबार में अधिक आसानी होगी।

सीओएआई ने कहा कि घोषित सुधारों में तो कुछ पहले ही लागू हो चुके हैं। गौरतलब है कि विभाग ने रेडियो तरंग आवंटन पर स्थायी समिति (एसएसीएफए) प्रमाणपत्र निकासी दिशानिर्देशों को सरल किया है। लो पावर बीटीएस/छोटे सेल यानी स्ट्रीट फर्नीचर/इन्फ्रास्ट्रक्चर पर माइक्रो, पिको और फेम्टो सेल)के लिए रेडियो तरंग आवंटन के लिए आवेदन की प्रक्रिया सरल की गयी है और प्रसंस्करण शुल्क 1000 रुपये घटा कर 100 रुपये कर दिया गया है नए नियमों के तहत देश में दूरसंचार उपकरण लाना आसान हुआ है आयात लाइसेंस प्रक्रिया को ऑनलाइन कर स्व-घोषणा आधारित मंजूरी को अपनाया गया है। इसी तरह सरल संचार पोर्टल के माध्यम से लाइसेंसिंग की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया है जिसके जिसके परिणामस्वरूप प्रसंस्करण समय को औसतन 1 वर्ष की अवधि से घटाकर दो माह कर दिया गया है। विभाग ने दूरसंचार विभाग ने वायरलेस जैमर/बूस्टर के उचित उपयोग पर एक परामर्श भी जारी किया है।

सीओएआई के महानिदेशक डा एसपी कोछड़ ने कहा, ' नियम और प्रक्रियाओं के सरलीकरण से देश में दूरसंचार नेटवर का विस्तार करने का काम तेज करने में मदद मिलेगी। कोछड़ ने एक बयान में उम्मीद जाहिर की है कि सरकार दूरसंचार उद्योग के सामने आ रही अन्य कठिनायियों के समाधान के लिए भी कदम उठाएगी।

# एनएचएआई इनविट को किया गया उम्मीदों से बढ़कर 5 गुना सब्सक्राइब

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि इनविट के दूसरे दौर को निर्धारित कार्यकाल के 10 प्रतिशत में लगभग 5 गुना ओवरसब्सक्राइब किया गया है। यह दौर इसलिए खास है, क्योंकि 25 फीसदी एनसीडी (गैर परिवर्तनीय डिबेंचर) खुदरा निवेशकों के लिए आरक्षित हैं। केंद्रीय सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी देश के आम नागरिकों को बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में निवेश करने का अवसर देने के इस एजेंडे को चला रहे थे। इस विकल्प के साथ, सेवानिवृत्त नागरिकों, वेतनभोगी व्यक्तियों, और छोटे और मध्यम व्यापार मालिकों के पास नए भारत के निर्माण में निवेश करने और साथ ही साथ स्वस्थ रिटर्न (कम से कम 8.05 प्रतिशत प्रतिवर्ष) प्राप्त करने का एक बड़ा अवसर है। मंत्रालय ने कहा कि शुक्रवार ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि इन इनविट एनसीडी को बीएसई पर सूचीबद्ध किया जाएगा और गडकरी इंफ्रा फंडिंग में सार्वजनिक भागीदारी के लिए एक महान शुरुआत का प्रतीक होंगे।

# ट्विटर खरीदने के बाद मस्क का बड़ा ऐक्शन, सीईओ पराग अग्रवाल को किया टर्मिनेट



**नई दिल्ली।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने ट्विटर पर नियंत्रण कर लिया है। इसके बाद उन्होंने कंपनी के सीईओ पराग अग्रवाल सहित कई शीर्ष अधिकारियों को निकाल दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एलन मस्क के मालिक बनने के बाद ही ट्विटर के सीईओ पराग अग्रवाल और सीएफओ नेड सेगल को कंपनी से टर्मिनेट कर दिया गया है। इतना ही नहीं कंपनी हेडक्वर्टर से भी उन्हें बाहर निकलवा दिया गया।

ट्विटर के सीईओ पराग अग्रवाल, कानूनी, नीति और ट्रस्ट के प्रमुख विजया गड्डे, मुख्य वित्तीय अधिकारी नेड सेगल सहित अन्य कुछ शीर्ष अधिकारी को उन्होंने बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

सूत्रों ने रॉयटर्स को बताया कि जब नेड सहगल और पराग अग्रवाल को ट्विटर से बाहर निकालने का निर्णय किया गया, उस समय दोनों सैन फ्रांसिस्को मुख्यालय में मौजूद थे।

आपको बता दें कि एलन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फेक अकाउंट की संख्या को लेकर पराग अग्रवाल सहित वरिष्ठ अधिकारियों और ट्विटर के निवेशकों को गुमराह करने का आरोप लगाया था।

इससे पहले मशहूर उद्योगपति एलन मस्क ने सोशल मीडिया मंच ट्विटर मुख्यालय में टहलते हुए अपना एक वीडियो साझा किया था। उन्होंने ट्वीटर को 44 अरब डॉलर में खरीदने के समझौते को पूरा करने के लिए शुक्रवार की समयसीमा से दो दिन पहले बुधवार को यह वीडियो साझा किया। मस्क ने अपनी ट्विटर प्रोफाइल में भी बदलाव किया है और अपने निजी विवरण में 'ट्वीट प्रमुख' लिखा है। उन्होंने अपनी प्रोफ़ाइल पर अपने स्थान को भी बदलकर ट्विटर मुख्यालय कर दिया है।

मस्क को वीडियो में मुख्यालय के परिसर में एक 'सिंक' ले जाते हुए देखा जा सकता है। उल्लेखनीय है कि एक अदालत ने मस्क को ट्वीटर के अधिग्रहण के समझौते को पूरा करने के लिए शुक्रवार तक का समय दिया है। इससे पहले मस्क ने इस समझौते से पीछे हटने की कोशिश की थी।

# भारत के बाद जिम्बाब्वे से बुरी तरह पिटा पाकिस्तान, मात्र 1 रन से हारा



**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप के मुकाबले में जिम्बाब्वे ने पाकिस्तान को एक रन से हरा दिया है। पर्थ में खेले गए मुकाबले में जिम्बाब्वे ने पाकिस्तान को 131 रनों का टारगेट दिया था, लेकिन वह टारगेट तक पहुंच नहीं पाई। मौजूदा टूर्नामेंट में पाकिस्तान की यह लगातार दूसरी हार है। इससे पहले पहले मैच में पाकिस्तान को भारत के खिलाफ चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।

रोमांच से भरे इस बेहद करीबी मुकाबले में पाकिस्तान की टीम को एक रन से हार मिली और ये बाबर आजम के टीम की लगातार दूसरी हार थी। पाकिस्तान को पहले मैच में भारत ने हराया था। वहीं जिम्बाब्वे ने इस जीत के साथ दो अंक अर्जित किए जबकि लगातार दो हार के साथ पाकिस्तान की टीम का एक भी अंक नहीं है। इस मैच में जिम्बाब्वे के कप्तान क्रेग इरविन ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जिम्बाब्वे ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 130 रन बनाए और पाकिस्तान को जीत के लिए 131 रन का टारगेट दिया। पाकिस्तान की तरफ से मो. वसीम जूनियर और शादाब खान ने घातक गेंदबाजी की। दूसरी पारी में पाकिस्तान की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 129 रन बनाए और उसे एक विकेट से हार मिली।

पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम भारत के खिलाफ भी नहीं चल पाए थे और उनका ये सिलसिला टी20 वर्ल्ड कप 2022 के दूसरे मैच में भी जारी रहा। जिम्बाब्वे के खिलाफ बाबर का बल्ला नहीं चला और वो सिर्फ 4 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं मो. रिजवान भी इस मैच में नहीं चल पाए और 14 रन पर उन्होंने अपना विकेट गंवा दिया। इसके अलावा इफ्तिखार अहमद 5 रन, शादाब खान 17 रन जबकि हैदर अली डक पर अपना विकेट गंवा बैठे। शान मसूद ने 44 रन की पारी खेली और उन्हें रजा ने स्टंप आउट करवा दिया।

# दक्षिण अफ्रीका ने बंगलादेश को 104 रन से रौंदा




**सिडनी।** दक्षिण अफ्रीका ने राइली रूसो (109) के विस्फोटक शतक के बाद आनरिक नॉर्खिया (10/4) और शम्सी (20/3) की घातक गेंदबाजी की बदौलत बंगलादेश को आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 में 104 रनों से रौंद दिया।

दक्षिण अफ्रीका ने सुपर-12 चरण के मुकाबले में बंगलादेश को 206 रन का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में बंगलादेश 16.3 ओवर में 101 रन पर ऑलआउट हो गई।

रूसो ने चूंटिन डी कॉक (63) के साथ 168 रन की विशाल साझेदारी की जिसकी बदौलत दक्षिण अफ्रीका टी20 विश्व कप 2022 का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा कर सकी। नॉर्खिया ने प्रोटियाज की जीत पर मुहर लगाते हुए सिर्फ 10 रन देकर चार विकेट लिये। इसके अलावा तबरेज़ शम्सी ने तीन विकेट जबकि कागिसो रबाडा और केशव महाराज ने एक-एक विकेट लिया। दक्षिण अफ्रीका का पहला मैच बारिश में धुलने के बाद यह विशाल जीत उनके नेट रनरेट में महत्वपूर्ण वृद्धि करेगी।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज का दिन आज ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन राहतपूर्ण रहेगा। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी बढिया कम्पनी में साक्षात्कार के लिए बुलावा आयेगा। हल्की थकान रहेगी।

***वृष :*** आज आपका चंचल स्वाभाव कुछ लोगो को पसंद आयेगा। आज आप अपने व्यवसाय की गति बढ़ाने के लिए नया प्लान तैयार करेंगे। अगर आप वाहन खरीदने का योजना बना रहें तो थोड़ा रुक जायें।

***मिथुन :*** आज राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज अपने उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर सकारात्मक परिणाम मिलेगा। महिलाएं अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती हैं।

***कर्क :*** आज आप परिवारवालों के साथ समय बितायेंगे। घर में खुशी का महौल बना रहेगा। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा होने के योग बन रहे है। टेन्ट हाउस का व्यवसाय करने वाले लोगो के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है।

***सिंह :*** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपके सारे पूराने काम आसानी से हो जाएंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। विज्ञान से जुड़े बच्चों को अच्छी नौकरी का अवसर मिल सकता है।

***कन्या :*** आपका आज का दिन बेहतर रहेगा। परिवार के सभी सदस्यों को आनन्द की प्राप्ति होगी। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा होगा। आपके व्यापार में दिन दूनी रात चौगुनी वृद्धि होगी।

***तुला :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। व्यवसायियों के लिए आज का दिन फायदा दिलाने वाला होगा। इस राशि की महिलाएं आज कोई उद्योग शुरू कर सकती है, जिसमे जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

***वृश्चिक :*** आज के दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। अगर आप नयी जमीन लेने की योजना बना रहे हैं, तो घर के बड़ों की राय जरूर लें। इस राशि के विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बेहतर परिणाम देने वाला रहेगा।


***धनु :*** आज आपको मेहनत का फल जरूर मिलेगा। कई दिनों से चल रही कड़ी मेहनत आज रंग लाएगी। कार्यालय में आज आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी, जिसे आप बखूबी निभायेंगे। आज किसी कार्य को पूरा करने के लिए आस-पास के लोग का सहयोग मिलेगा।

***मकर :*** आपका आज का दिन सामान्य रहेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। आज आपको अपने गुरू की मदद से आपके करियर को नयी दिशा मिलेगी।

***कुंभ :*** आपका आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके सभी कार्य आसानी से पूरे होंगे। आज आपको किसी सामाजिक समारोह में सम्मलित होने का मौका मिलेगा।

***मीन :*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। नौकरी में पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। कार्यालय में आपकी कड़ी मेहनत को देखते हुए आपको सम्मानित किया जा सकता है। पहले की हुई गलती से दोस्तों से बिगड़े हुए रिश्तों में आज सुधार आएगा।

# रिलीज हुआ अभिषेक बच्चन की ब्रीद इनटु द शैडोज का ट्रेलर




अभिषेक बच्चन की वेब सीरीज ब्रीद इनटु द शैडोज अमेजन प्राइम पर काफी पसंद की गई थी। इस क्राइम थ्रिलर का नया सीजन भी जल्द प्रीमियर होने वाला है। गुरुवार को दूसरे सीजन का ट्रेलर जारी हो गया है। सीजन 2 में एक बार फिर से अभिषेक, अविनाश सबरवाल के किरदार में नजर आ रहे हैं। वहीं अमित साध भी पहले की तरह पुलिस अफसर कबीर के किरदार में हैं। नए सीजन में रहस्य और गहरा चुका है।

ट्रेलर में एक बार फिर से अविनाश और कबीर चूहे-बिल्ली की दौड़ करते नजर आए। रहस्यमई कातिल छव का रहस्य और उसकी क्रूरता इस बार एक स्तर आगे बढ़ चुकी है। वहीं कबीर ने भी ठान लिया है कि वह अविनाश को इस बार छोडऩे वाला नहीं है। इस बार यह क्राइम ड्रामा और डार्क नजर आ रहा है और ट्रेलर में कई विचलित करने वाले दृश्य हैं। ब्रीद इनटु द शैडोज 2 9 नवंबर को अमेजन प्राइम पर आएगी।


यह वेब सीरीज ब्रीद का स्पिनऑफ शो है। ब्रीद 2018 में आई थी। इसमें आर माधवन और अमित साध मुख्य भूमिका में नजर आए थे। वहीं ब्रीद इनटु द शैडोज 2020 में रिलीज हुई थी। इस सीरीज से अभिषेक बच्चन में ओटीटी पर डेब्यू किया था। एक पिता का प्यार किसी की जान बचा भी सकता है और जान ले भी सकता है, इस कॉनसेप्ट पर बनी इस सीरीज के निर्माता मयंक शर्मा हैं।

# केजीएफ को पछाड़ कांतारा बनी दूसरी सबसे बड़ी कन्नड़ फिल्म




फिल्म निर्माता-अभिनेता रिषभ शेट्टी की लेटेस्ट रिलीज कांतारा ने भारत में 170 करोड़ रुपये और विदेशों में 18 करोड़ रुपये कमाए। दोनों मिलाकर इसने 188 करोड़ रुपये की कमाई की है। यह यश-स्टारर केजीएफ को पछाडक़र दूसरी सबसे अधिक कमाई करने वाली कन्नड़ फिल्म बन गई। दिवाली वीकेंड की वजह से फिल्म के कलेक्शंस में इजाफा हुआ है। फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 170 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। पिंकविला डॉट कॉम के अनुसार, चौथे सप्ताह के अंत से पहले यह 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर जाएगी। कांतारा ने कर्नाटक में अब तक लगभग 111 करोड़ रुपये की कमाई की है।

# बचे हुए चावल से बनाएं ये टेस्टी डिश, मिनटों में होगी तैयार



आप अक्सर बासी चावल को फेंक देती होंगी। लेकिन क्या आप जानते हैं, बासी चावल से बहुत ही स्वादिष्ट रेसिपी बनाया जा सकता है। यह एक साउथ इंडियन डिश है, जो आपको खाने में काफी पसंद आएगा। आइए जानते हैं, कर्ड राइस बनाने की विधि।

**सामग्री :**

उबले चावल एक कटोरी, बारीक कटी हुई हरी मिर्च, एक चम्मच कद्दूकस किया हुआ अदरक एक कप दही,एक छोटा चम्मच राई, स्वादानुसार नमक, सरसो तेल

**विधि :**

सबसे पहले एक पैन में तेल गरम करें।

अब इसमें राई और सूखी लाल मिर्च डालकर भून लें।

फिर इसमें अदरक और नमक डालकर अच्छी तरह चलाएं।

अब इसमें चावल डालकर अच्छी तरह मिलाएं।

दही डाल दें, और 4-5 मिनट तक पकने दें।


अब गैस बंद कर दें, चाहें तो आप कर्ड राइस को अनार के दाने से गार्निश कर सकती हैं।

## शब्द सामर्थ्य- 234

**बाएं से दाएं :** 1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 233 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | ■ | सा | म | ना | ■ | कै | दी |
| व | ■ | ख | ल | ना | य | क | ■ | वा |
| लं | प | ट | ■ | ना | क | क | ट | ना |
| बी | ■ | प | ■ | ■ | ■ | ड़ी | ■ | प |
| ■ | अ | ट | प | टा | ■ | ■ | शा | न |
| स | ह | ■ | यो | | ■ | र | ति | ■ |
| ह | म | ■ | द | र | ब | द | र | ■ |
| म | क | र | ■ | सी | ल | ■ | ■ | ■ |
| त | ■ | क्षा | ■ | द | वा | खा | ना | ■ |

## सू-दोकू- 234

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.233 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |